**दिनांक : 01/07/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचारः-

ऽ केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अरूणाचल में भारी बारिश का जायजा लिया। कहा-केन्द्र और राज्य मिलकर संकट से निपटेंगे।

ऽ वीबी जी राम जी अधिनियम आज से होगा लागू। ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार की मिलेगी गारंटी।

ऽ मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सिवनी में राज्य स्तरीय धान महोत्सव में होंगे शामिल।

और

ऽ मौसम विभाग ने बालाघाट, डिंडोरी में भारी बारिश की चेतावनी दी।

अब समाचार विस्तार सेः-

अरुणाचल प्रदेश - भारी बारिश

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति भयावह है। इस संकट से निपटने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि हमने स्थिति का जायजा लिया है और इसके लिए चर्चा की है। संकट बड़ा है और चुनौती भी सामान्य नहीं है।

बाइट- केंद्रीय कृषि मंत्री

कृषि मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री ने एक अंतरिम रिपोर्ट सौंपी है। प्रधानमंत्री को यहां की स्थिति की रिपोर्ट हम देंगे। हर संभव सहयोग भारत सरकार करेगी। श्री चौहान आज भी प्रभावित इलाकों में जाकर स्थिति का जायजा लेंगे।

वीबी जी राम जी-लागू

विकसित भारत -रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन ग्रामीण- वीबी-जी-राम-जी अधिनियम, 2025 आज से पूरे ग्रामीण भारत में लागू हो जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिन के श्रमिक रोजगार गारंटी देने

वाला अधिनियम ग्रामीण भारत को सशक्त बनाएगा। मौजूदा वित्तीय वर्ष में देश भर में इस नए कानून को लागू करने के लिए 95 हजार 692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के कार्यान्वयन के बारे में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इससे कोई भी पात्र ग्रामीण श्रमिक एक दिन भी बेरोजगार नहीं रहेगा। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर नए ढांचे में सुचारू रूप से परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जापान प्रधानमंत्री-भारत यात्रा

जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं। भारत की उनकी यह पहली आधिकारिक यात्रा है। वे कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी। यह सम्मेलन दोनों देशों को द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा और इसे सुदृढ़ बनाने के साथ ही परस्पर हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का अवसर प्रदान करेगा।

पीएम-ईरान राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियान के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति पेजेशकियान ने श्री मोदी को पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम की जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न पक्षों के बीच मौजूदा बनी सहमति का स्वागत किया तथा सभी मुद्दों का समाधान बातचीत और राजनयिक माध्यम से किये जाने का भारत का रूख दोहराया। श्री मोदी ने पश्चिम एशिया में स्थायी शांति और स्थिरता तथा सुरक्षित नौवहन और वाणिज्य के लिए सतत प्रयासों पर बल दिया। वहीं ईरान के राष्ट्रपति ने शांति, स्थिरता और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना की।

धान महोत्सव राज्य-स्तरीय कार्यक्रम - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिवनी जिले में राज्य-स्तरीय धान महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले को विकास और किसान कल्याण की अनेक सौगातें देंगे। महोत्सव में कोदो-कुटकी उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि का अंतरण, 494 करोड़ से अधिक लागत के 629 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन और हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य के कोदो-कुटकी उत्पादक 3 हजार 941 किसानों के बैंक

खातों में 2 करोड 82 लाख 99 हजार 300 रूपये की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। यह राशि किसानों को 1 हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रदान की जा रही है, जिससे श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा, कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद भारती पारधी सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल से ही जीवन है, जीवन के लिये पानी की बचत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन का अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी गत 3 वर्षों से यह अभियान वृहद रूप से जन सहयोग से चलाया जा रहा है और बड़ी संख्या में जल संरचनाओं का संरक्षण एवं पुनरुद्धार किया गया है। कल राजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल अलनीनो के प्रभाव से कम वर्षा का अनुमान है, इसलिये प्रदेश में अमृत सरोवर रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, नदी संरक्षण जैसे जल स्रोतों के संरक्षण कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ....

बाइट-मुख्यमंत्री

आरबीआई-अर्थव्यवस्था

रिजर्व बैंक -आरबीआई ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली ने बड़े बाहरी झटकों का सामना करने के बावजूद जबरदस्त मजबूती दिखाई है। बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट की प्रस्तावना में, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मजबूत विकास दर, कम महंगाई, वित्तीय और गैर-वित्तीय कंपनियों की बेहतर बैलेंस शीट और पर्याप्त बफर ने मैक्रो-फाइनेंशियल स्थिरता बनाए रखने में मदद की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के मजबूत मैक्रो-इकोनॉमिक आधार उसे कई अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखते हैं और बाहरी झटकों से निपटने की ज्यादा क्षमता प्रदान करते हैं।

ई-प्रवेश पोर्टल -प्रदेश

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 30 जून तक प्रदेशभर में 5

लाख 48 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया ह□इनमें से 4 लाख 68 हजार से अधिक  विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण हो चुका ह□तथा 2 लाख 93 हजार 257 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर लिया ह□पिछले वर्ष कि तुलना में प्रवेश में 42.03 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि हुई ह□

पीएम सूर्यघर योजना-प्रदेश

प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक कुल एक लाख 43 हजार 150 उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया ह□कि इनके बैंक खातों में 1010 करोड़ 25 लाख रूपये की सब्सिडी जमा कराई जा चुकी ह□इस योजना के तहत एक किलोवॉट सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयंत्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयंत्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही ह□

क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच म□ों की टी-20 क्रिकेट श्रृंखला आज से इंगलैंड में शुरू हो रही ह□श्रृंखला का पहला म□भारतीय समयानुसार रात दस बजे चेस्टर ली स्ट्रीट में खेला जायेगा।

दूसरा टी-20 म□शनिवार को म□चेस्टर में होगा। तीसरा म□सात जुलाई को नॉटिंघम में, च□ा 9 जुलाई को ब्रिस्टल में तथा पांचवां और अंतिम म□11 जुलाई को साउथम्पटन में खेला जायेगा।

महिला टी20 विश्व कप

ऑस्ट्रेलिया आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया ह□ लंदन के ओवल में कल पहले सेमीफाइनल में उसने वेस्ट इंडीज को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट इंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 13 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। कल ओवल में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने होंगे।

मौसम-प्रदेश

प्रदेश में बारिश का दौर जारी ह□कल मानसून जबलपुर, भोपाल, रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में प्रवेश कर गया ह□मौसम विभाग ने आज बालाघाट, डिंडोरी, हरदा, ब□ूल, छिंदवाड़ा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया ह□इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्ज□ग्वालियर, रीवा, सागर सहित अधिकांश जिलों में बारिश की चेतावनी दी ह□

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की ब□क में बैंकों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा कर पात्र लोगों को तुरंत लाभ पहुंचाने के लिए कहा ह□

ऽ मानसून के चलते नर्मदापुरम का सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और शिवपुरी का माधव टाइगर रिजर्व 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अगले तीन महीनों के लिए बंद रहेगा। सतपुड़ा के मढ़ई और चूरना कोर क्षेत्रों में पर्यटकों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

ऽ झाबुआ जिले में साइबर जागरूकता अभियान ष्सेफ क्लिक 2.0अभियान के सातवें दिन साइबर सुरक्षा र□ी, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

ऽ इंदौर के 100 सरकारी स्कूलों में ओएनजीसी सीएसआर फंड और सांसद सेवा संकल्प के सहयोग से करीब 70 लाख रुपये की लागत से आरओ सिस्टम और वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। पहले चरण में 29 स्कूलों से इसकी शुरुआत हो चुकी ह□

ऽ बड़वानी जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी आज, से शुरू हो गई ह□यह खरीदी आगामी 10 अगस्त 2026 तक चलेगी।

-------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

(1) धान महोत्सव राज्य-स्तरीय कार्यक्रम - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिवनी जिले में राज्य-स्तरीय धान महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले को विकास और किसान कल्याण की अनेक सौगातें देंगे। महोत्सव में कोदो-कुटकी उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि का अंतरण, 494 करोड़ से अधिक लागत के 629 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन और हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य के कोदो-कुटकी उत्पादक 3 हजार 941 किसानों के बैंक खातों में 2 करोड 82 लाख 99 हजार 300 रूपये की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। यह राशि किसानों को 1 हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रदान की जा रही ह□जिससे श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा, कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद भारती पारधी सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

(2) जल गंगा संवर्धन अभियान - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा ह□कि जल से ही जीवन ह□जीवन के लिये पानी की बचत करना जरूरी ह□उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन का अभियान चलाया जा रहा ह□मध्यप्रदेश में भी गत 3 वर्षो से यह अभियान वृहद रूप से जन सहयोग से चलाया जा रहा ह□और बड़ी संख्या में जल संरचनाओं का संरक्षण एवं पुनरुद्धार किया गया ह□कल राजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल अलनीनो के प्रभाव से कम वर्षा का अनुमान ह□इसलिये प्रदेश में अमृत सरोवर र□वॉटर हार्वेस्टिंग, नदी संरक्षण ज□जल स्रोतों के संरक्षण कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ....

बाइट-मुख्यमंत्री

(3) ई-प्रवेश पोर्टल -प्रदेश

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश पोर्टल पर शक्ष□णिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया ने नया कीर्तिमान स्थापित किया ह□30 जून तक प्रदेशभर में 5 लाख 48 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया ह□इनमें से 4 लाख 68 हजार से अधिक  विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण हो चुका ह□तथा 2 लाख 93 हजार 257 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर लिया ह□पिछले वर्ष कि तुलना में प्रवेश में 42.03 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि हुई ह□

(4) पीएम सूर्यघर योजना-प्रदेश

प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक कुल एक लाख 43 हजार 150 उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया ह□कि इनके बैंक खातों में 1010 करोड़ 25 लाख रूपये की सब्सिडी जमा कराई जा चुकी ह□इस योजना के तहत एक किलोवॉट सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयंत्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयंत्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही ह□

(5) मौसम-प्रदेश

प्रदेश में बारिश का दौर जारी ह□कल मानसून जबलपुर, भोपाल, रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में प्रवेश कर गया ह□मौसम विभाग ने आज बालाघाट, डिंडोरी, हरदा, ब□तूल, छिंदवाड़ा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया ह□इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्ज□ग्वालियर, रीवा, सागर सहित अधिकांश जिलों में बारिश की चेतावनी दी ह□

---------------

## प्रादेशिक समाचार एकांश
## आकाशवाणी, भोपाल
## <u>प्रातःकालीन समाचार</u>

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अरूणाचल में भारी बारिश का जायजा लिया। कहा–केन्द्र और राज्य मिलकर संकट से निपटेंगे।
- वीबी जी राम जी अधिनियम आज से होगा लागू। ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार की मिलेगी गारंटी।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सिवनी में राज्य स्तरीय धान महोत्सव में होंगे शामिल।

**और**

- मौसम विभाग ने बालाघाट, डिंडोरी में भारी बारिश की चेतावनी दी।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

**<u>अरुणाचल प्रदेश – भारी बारिश</u>**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति भयावह है। इस संकट से निपटने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि हमने स्थिति का जायजा लिया है और इसके लिए चर्चा की है। संकट बड़ा है और चुनौती भी सामान्य नहीं है...

**बाइट– केंद्रीय कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री ने एक अंतरिम रिपोर्ट सौंपी है। प्रधानमंत्री को यहां की स्थिति की रिपोर्ट हम देंगे। हर संभव सहयोग भारत सरकार करेगी। श्री चौहान आज भी प्रभावित इलाकों में जाकर स्थिति का जायजा लेंगे।

**<u>वीबी जी राम जी–लागू</u>**

विकसित भारत –रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन ग्रामीण– वीबी–जी–राम–जी अधिनियम, 2025 आज से पूरे ग्रामीण

भारत में लागू हो जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिन के श्रमिक रोजगार गारंटी देने वाला अधिनियम ग्रामीण भारत को सशक्त बनाएगा। मौजूदा वित्तीय वर्ष में देश भर में इस नए कानून को लागू करने के लिए 95 हजार 692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के कार्यान्वयन के बारे में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इससे कोई भी पात्र ग्रामीण श्रमिक एक दिन भी बेरोजगार नहीं रहेगा। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर नए ढांचे में सुचारू रूप से परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**जापान प्रधानमंत्री–भारत यात्रा**

जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं। भारत की उनकी यह पहली आधिकारिक यात्रा है। वे कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 16वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी। यह सम्मेलन दोनों देशों को द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा और इसे सुदृढ़ बनाने के साथ ही परस्पर हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का अवसर प्रदान करेगा।

**पीएम–ईरान राष्ट्रपति**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियान के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति पेजेशकियान ने श्री मोदी को पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम की जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न पक्षों के बीच मौजूदा बनी सहमति का स्वागत किया तथा सभी मुद्दों का समाधान बातचीत और राजनयिक माध्यम से किये जाने का भारत का रूख दोहराया। श्री मोदी ने पश्चिम एशिया में स्थायी शांति और स्थिरता तथा सुरक्षित नौवहन और वाणिज्य के लिए सतत प्रयासों पर बल दिया। वहीं ईरान के राष्ट्रपति ने शांति, स्थिरता और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना की।

**धान महोत्सव कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिवनी जिले में राज्य–स्तरीय धान महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले को विकास और किसान कल्याण की अनेक सौगातें देंगे। महोत्सव में कोदो–कुटकी उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि का अंतरण, 494 करोड़ से अधिक लागत के 629 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि–पूजन और हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य के कोदो–कुटकी उत्पादक 3 हजार 941 किसानों के बैंक खातों में 2 करोड 82 लाख 99 हजार 300 रूपये की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। यह राशि

किसानों को 1 हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रदान की जा रही है, जिससे श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा, कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद भारती पारधी सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल से ही जीवन है, जीवन के लिये पानी की बचत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन का अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी गत 3 वर्षों से यह अभियान वृहद रूप से जन सहयोग से चलाया जा रहा है और बड़ी संख्या में जल संरचनाओं का संरक्षण एवं पुनरुद्धार किया गया है। कल राजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल अलनीनो के प्रभाव से कम वर्षा का अनुमान है, इसलिये प्रदेश में अमृत सरोवर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, नदी संरक्षण जैसे जल स्रोतों के संरक्षण कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ....

**बाइट–मुख्यमंत्री**

**आरबीआई–अर्थव्यवस्था**

रिजर्व बैंक –आरबीआई ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली ने बड़े बाहरी झटकों का सामना करने के बावजूद जबरदस्त मजबूती दिखाई है। बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट की प्रस्तावना में, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मजबूत विकास दर, कम महंगाई, वित्तीय और गैर–वित्तीय कंपनियों की बेहतर बैलेंस शीट और पर्याप्त बफर ने मैक्रो–फाइनेंशियल स्थिरता बनाए रखने में मदद की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के मजबूत मैक्रो–इकोनॉमिक आधार उसे कई अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखते हैं और बाहरी झटकों से निपटने की ज़्यादा क्षमता प्रदान करते हैं।

## ई–प्रवेश पोर्टल

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई–प्रवेश पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2026–27 की प्रवेश प्रक्रिया ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 30 जून तक प्रदेशभर में 5 लाख 48 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 4 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है तथा 2 लाख 93 हजार 257 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। पिछले वर्ष कि तुलना में प्रवेश में 42.03 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है।

## पीएम सूर्यघर योजना

प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक कुल एक लाख 43 हजार 150 उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि इनके बैंक खातों में 1010 करोड़ 25 लाख रूपये की सब्सिडी जमा कराई जा चुकी है। इस योजना के तहत एक किलोवॉट सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयंत्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयंत्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है।

## क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी–20 क्रिकेट श्रृंखला आज से इंगलैंड में शुरू हो रही है। श्रृंखला का पहला मैच भारतीय समयानुसार रात दस बजे चेस्टर ली स्ट्रीट में खेला जायेगा।

दूसरा टी–20 मैच शनिवार को मैनचेस्टर में होगा। तीसरा मैच सात जुलाई को नॉटिंघम में, चौथा 9 जुलाई को ब्रिस्टल में तथा पांचवां और अंतिम मैच 11 जुलाई को साउथम्पटन में खेला जायेगा।

## महिला टी20 विश्व कप

ऑस्ट्रेलिया आईसीसी महिला टी–20 विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया है। लंदन के ओवल में कल पहले सेमीफाइनल में उसने

वेस्ट इंडीज को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट इंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 13 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। कल ओवल में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका आमने–सामने होंगे।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। कल मानसून जबलपुर, भोपाल, रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में प्रवेश कर गया है। मौसम विभाग ने आज बालाघाट, डिंडोरी, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन ग्वालियर, रीवा, सागर सहित अधिकांश जिलों में बारिश की चेतावनी दी है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में बैंकों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा कर पात्र लोगों को तुरंत लाभ पहुंचाने के लिए कहा है।

- मानसून के चलते नर्मदापुरम का सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और शिवपुरी का माधव टाइगर रिजर्व 1 जुलाई से 30 सितंबर तक

अगले तीन महीनों के लिए बंद रहेगा। सतपुड़ा के मढ़ई और चूरना कोर क्षेत्रों में पर्यटकों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

- झाबुआ जिले में साइबर जागरूकता अभियान ष्सेफ क्लिक 2. 0अभियान के सातवें दिन साइबर सुरक्षा रैली, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न जन–जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- इंदौर के 100 सरकारी स्कूलों में ओएनजीसी सीएसआर फंड और सांसद सेवा संकल्प के सहयोग से करीब 70 लाख रुपये की लागत से आरओ सिस्टम और वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। पहले चरण में 29 स्कूलों से इसकी शुरुआत हो चुकी है।
- बड़वानी जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी आज, से शुरू हो गई है। यह खरीदी आगामी 10 अगस्त 2026 तक चलेगी।

———————————